## खबर संक्षेप

### हजरत बाबा फरीद मिस्किनी रहमतुल्ला अलेह उर्स मनाया



**सिंगोड़ी:** जामा मस्जिद सदर जनाब इलमन मिस्किनी ने बताया कि सुप्रसिद्ध सूफी संत हजरत बाबा फरीदुद्दीन मिस्किनी रहमतुल्ला अलेह,के दूसरे सालाना उर्स के मौके पर सिंगोड़ी सिलसिलाय मिस्किनी एवं अलहाज सैय्द बाबा फरीद मिस्किनी रहमतुल्ला अलेह के अनुयायियों के द्वारा दूसरे सालाना उर्स के मौके पर सिंगोड़ी जमा मस्जिद के कैंपस में दरूद फातिहा एवं लंगर भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें सिलसिलाय मिसकीनिया एवं ग्राम के लोग सम्मिलित हुए और लंगर भंडारा ग्रहण किया।

### किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करे

**चौरई** । आज अनुविभागीय कार्यालय चौरई में विभिन्न विभागो के सभी विभाग प्रमुखों के साथ बैठकर शैलेंद्र रघुवंशी ने क्षेत्र की समस्याओं को रखा एवं उनके निराकरण के लिए मांग की जिसमें माचागोरा बांध की नहरो से आने वाली समस्याओं का, खेती में मिलने वाली बिजली में हो रही समस्याएं तथा क्षेत्र में घटित अपराधिक घटनाओं तथा जमुनिया माइक्रो एरिगेशन में हो रही समस्याओ तथा अन्य समस्याओं को लेकर सभी विभाग प्रमुखों से चर्चा कर उनका निराकरण कैसे हो इसके संबंध में चर्चा करी इस बैठक में अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रभात मिश्रा जी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सौरभ तिवारी जी नहर के एसडीओ डेहरिया माइक्रो चौधरी सहित अन्य विभाग प्रमुख उपस्थित रहे जिन्होंने एक हफ्ते में सभी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया।

### सिंगोड़ी पेंच नदी के पास हुआ दर्दनाक हादसा, घटना के बाद से चालक फरार

# खड़े ट्रक से टकराई बाइक, दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी चौकी अंतर्गत राजाखोह के पास भीषण सड़क हादसा मोटरसाइकिल सवार दो लोग खड़े ट्रक से टकरा गया। घटना स्थल पर ही मोटरसाइकिल सवार दो लोगो की मौके पर ही मौत हो गई दर्दनाक भीषण हादसे की सूचना मिलते ही सिंगोड़ी चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुशाराम एवं स्टाफ मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अमरवाड़ा पहुंचाया गया मोटरसाइकिल सवार छिंदवाड़ा से अमरवाड़ा की तरफ जा रहे थे मृतक बाइक सवार प्रमोद कुमरे एव एक साथी निवासी नीमढाना के है।छिंदवाड़ा से अमरवाड़ा के बीच में निरंतर हो रही है दुर्घटनाएं यह लगातार तीसरी घटना है फिलहाल सिंगोड़ी पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



### दुकान में लगी भीषण आग, सामान जलकर राख

**सिंगोड़ी:** खकरा चौरई रोड स्थित सिंगोड़ी निवासी शेख इसाक की बैटरी आइल की दुकान में अज्ञात कारणों रात्रि लगभग 3:45 बजे भीषण आग लग गई सिंगोड़ी ग्रामीणों के द्वारा एवं दुकान मालिक के द्वारा आग बुझाने की कोशिश की गई लेकिन भीषण आग होने के कारण आग पर काबू नहीं पाया गया तो तत्पश्चात सिंगोड़ी चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुशाराम जी को फोन लगाया गया चौकी प्रभारी के द्वारा दमकल वाहनों को तत्काल फोन कर बुलाया गया लगभग 2 घंटे दमकल कर्मचारियों के द्वारा आग पर काबू पाया गया। आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। दुकानदार एवं उनके परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। नायव तहसीलदार अमरवाड़ा सिंगोड़ी पुलिस मामले आग लगने का कारणों में जांच कर रही है।



### इच्छशक्ति के अभाव में पार्षद नहीं कर रहे पहल

# दो माह से पाइप लाईन फूटी, पानी को तरसे वार्डवासी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

यहां नागपुर रोड पर स्थित एम.पी.एल. मैदान के पीछे स्थित सनफ्लॉवर स्कूल वाली गली में नगरपालिका की पाईप लाईन बीते 2 माह से फूटी पडी है। इससे जलापूर्ति वाले दिन लाखो लिटर पानी नाली में बह जाता है। बताया जाता है कि जिस गली में यह पाईपलाईन है उस गली की एक ओर महावीर वार्ड की सीमा चालू होती है और दूसरी तरफ संतोषी माता वार्ड की। यानी पाईप लाईन दो वार्डों के ठीक बीच से गुजरती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महावीर वार्ड और संतोषी माता वार्ड के पार्षदों को ऐसा लगता है कि यह मेरे वार्ड का मामला नही है इसलिए फूटी पाईपलाईन का मसला नगरपालिका के जिम्मेदारों तक नहीं पहुंचाया जा रहा है। दोनों पार्षद सोचते है कि मै क्यों दूसरे ने यह शिकायत पहुंचानी चाहिए। इस प्रकार पार्षदों के इगो के चक्कर में बीते दो ढाई माह से नगरपालिका की पाईपलाईन फूटी है और इससे लाखो लिटर पानी अब तक बहकर नाली में जा चुका है।

# दो सरपंच और एक जनपद सदस्य के लिए आज होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया विधानसभा क्षेत्र में पंचायत स्तर के उपचुनाव में दो सरपंच और एक जनपद सदस्यों के लिए आज मतदान होगा । जिनके परिणामों की घोषणा 9 तारीख को होगी । मतदान दोपहर 3 बजे तक चलेगा जो की ईवीएम मशीन से संपन्न कराया जाएगा ।

परासिया विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोवर्धन और खजरी अंतु के तात्कालिक सरपंच की आकस्मिक मृत्यु हो जाने के बाद से यहां सरपंच पद खाली था । इसी प्रकार ग्राम पंचायत भमोड़ी के वार्ड 6 से तात्कालिक पंच बंटी झरबडे. कोटवार बन जाने से उन्होंने इस्तीफा दे दिया था । यहां भी पंच का पद खाली था । जिसके लिए दो लोगों द्वारा नामांकन फॉर्म भरे गए थे लेकिन , नाम वापसी के अंतिम दिन भमोड़ी के वार्ड छह के पंच के उम्मीदवार मोहन सातनकर ने अपना नाम वापस ले लिया था । इससे इस वार्ड के लिए केवल एक उम्मीदवार विनोद बुनकर के होने से निर्विरोध हो गए ।

जनपद क्षेत्र क्रमांक 9 दीघावानी में निर्वाचित सदस्य रईस खान का निर्वाचन शून्य होने के बाद यहां जनपद सदस्य का पद खाली था । जिसके लिए दीघावानी जनपद पंचायत सदस्य के लिए दीपक जायसवाल, सतीश धुर्वे, रूपेश नागवंशी, अब्दुल नसीम मंसूरी चुनाव मैदान में है । खजरी अंतु में सरपंच पद के लिए नीरज कोलारे, अजय बघेल, संजय बघेल , उरधन पंचायत के सरपंच के लिए शशिकला धुर्वे, सरजकली, सरिता कवरेती चुनाव मैदान में है ।

जिनके लिए आज शुक्रवार को मतदान होगा । मतदान निष्पक्ष और शांति पूर्ण कराए जाने के लिए प्रशासन ने सारी व्यवस्थाएं कर रखी है । मतदान के बाद 9 जनवरी को मतगणना होगी और उसके बाद चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे ।

# नसबंदी ऑपरेशन के बाद बेहोश महिलाओं को गोदी में उठा रहे वार्ड ब्वॉय

### दर्जनों लापरवाहियों के बाद भी नहीं हो रही कोई कार्यवाही, कलेक्टर स्वयं ले संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

पांढुर्णा के शासकीय अस्पताल की लापरवाही की कहानी अब आम आदमी कहते कहते थक गया है। कार्यवाही के नाम खानापूर्ति का आलम आज भी बरकरार है। बस लोग नवागत कलेक्टर से ही कुछ उम्मीदें रख रहे है ताकि लापरवाही से कुछ हद तक मानवता के नाते ही सही कार्यवाही तो हो। बहरहाल हम यह बात इसलिए कह रहे है कि पांढुर्ना जिले के प्रमुख शासकीय अस्पताल में बीते शुक्रवार को नसबंदी ऑपरेशन शिविर के एक दृष्य ने अठारहवी सदी की याद दिला दी। पांढुर्ना के 100 बिस्तर वाले सरकारी अस्पताल में नसबंदी ऑपरेशन के बाद बेसुध महिला मरीजों को वार्ड ब्वाय्स ऑपरेशन कक्ष से दोनों हाथों में उठाकर वार्ड के बेड पर ले जाकर लिटाने का घोर लापरवाहीपूर्ण मामला सामने आया है। नसबंदी ऑपरेशन के बाद महिला मरीजों को स्ट्रेचर पर लिटाकर सावधानी एवं सुरक्षात्मक उचित तरीके से ले जाया जाना चाहिए लेकिन पांढुर्ना अस्पताल का यह दृष्य देखकर यहां के बदइंतजामी के हालात का अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि इस अस्पताल के कमरे में कर्मचारी द्वारा रात्रि में बाहरी महिला को रखना और अपने मित्र द्वारा कमरे के बाहर ताला लगवा लेना, चिकित्सकों का समय पर उपस्थित नहीं होना, दवाईयों की कमी होना, नर्सिंग ऑफिसरों द्वारा मरीजों के साथ सद्भावपूर्ण आचरण के स्थान पर हडकाने वाला व्यवहार करना ऐसे अनेक मामले पहले उजागर हो चुके है। लेकिन ऑपरेशन किए गए मरीजों के साथ विशेष रूप से नसबंदी ऑपरेशन के तत्काल बाद बेहोश महिला मरीजों को वार्ड ब्वॉय हाथों से उठाकर दूसरे वार्ड में शिफ्ट कर रहे है यह यह दृष्य अठारहवी सदी की याद दिला देता है। इस प्रकार अनेक शिकायतों के बाद भी इस अस्पताल की व्यवस्थाएं सुधर नहीं रही है या इसके लिए जो जिम्मेदार है वे इसको लेकर जरा भी संजीदा नहीं है। पांढुर्ना के आम नागरिकों को लगता है कि शासकीय अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए जिला कलेक्टर महोदय द्वारा स्वतः संज्ञान लिया जाना चाहिए।



### श्री बड़ी माता मंदिर नवनिर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



**छिंदवाड़ा।** देश विदेश में ख्याति प्राप्त अयोध्या मंदिर के आर्किटेक्ट सी बी सोमपुरा जी ही हमारे श्री बड़ी माता मंदिर के भी आर्किटेक्ट है। जो कि नवनिर्माण कार्यों में नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने अपने व्यस्ततम शेड्यूल से कार्यों के निरीक्षण के लिए अपने परिवार से नवनिर्माण मंदिर के बेंडर धीरेंद्र भाई सोमपुरा कार्यों की विवेचना चर्चा हेतु आगमन हुआ। मंदिर में बंसी पहाड़पुर पिंक स्टोन के पत्थरों से निर्मित मंदिर के समस्त कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिसमें मंदिर ट्रस्ट सदस्यों ने कुछ विशेष कार्यों में प्रोजेक्ट में डिजाइन , मुख्य गर्भगृह द्वार , एवम् अन्य कार्यों की विस्तृत चर्चा की। हमारे मंदिर निर्माण के कार्यों में एक विकसित गति प्रदान होने लगी हैं। आप समस्त भक्तगणों के आर्थिक सहयोग ऊर्जा की अपेक्षा मंदिर ट्रस्ट करता है।

# भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत शहर में हो रहे शिविर आयोजित

### केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ ले रहे आम नागरिक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश शासन द्वारा ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ के अंतर्गत भारत सरकार की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिए जाने हेतु 3 जनवरी से 7 जनवरी तक शहर के विभिन्न हिस्सों में शिविरो का आयोजन प्रारंभ किया गया। गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का पहला कार्यक्रम पातालेश्वर में हुआ एवं द्वितीय कार्यक्रम रैक प्वाइंट में आयोजित हुआ। इन शिविरो के माध्यम से हितग्राहियों के आवेदन लिए गए एवं हितलाभ भी प्रदान किया गया। दोनो शिविर का आरंभ कन्या पूजन के साथ हुआ एवं योजनाओं के जानकारी देते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगो का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर किरदार संस्थान द्वारा केंद्र शासन की योजनाओं को दिखाते हुए नाट्य मंचन किया। शिविर में हजारों की संख्या में हितग्राही शामिल हुए। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष विवेक साहू, शेषराव यादव, क्षेत्रीय पार्षद सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह , कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। आज प्रातः 09 बजे से कराबोह बस्ती एवं दोपहर 03 बजे से खपाभाट के पास शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### उस्ताद अहमद-मोहम्मद हुसैन के सुरों से गुलजार होगा अक्षत सम्मान समारोह

**छिंदवाड़ा।** जिले के साहित्य एवं सांस्कृतिक जगत के लिए गौरव की बात है की छिंदवाड़ा जिले के वरिष्ठ साहित्यकार स्वर्गीय केशरी चंदेल अक्षत जी की स्मृति में आयोजित अक्षत सम्मान समारोह में इस बार 15 जनवरी को पद्मश्री से सम्मानित विश्व विख्यात भजन एवं गजल गायक उस्ताद अहमद हुसैन और उस्ताद मोहम्मद हुसैन अपने सुरों का जादू बिखेरेंगे। विगत 2008 से चल रहे अक्षत सम्मान समारोह का यह 15 वां वर्ष है। जिसमे जिले एवं प्रदेश की साहित्यिक, कला, रंगकर्म एवं शिक्षा से संबंधित विभूतियों का सम्मान किया जाता है।अक्षत सम्मान समारोह समिति के कार्यक्रम संयोजक विश्वेश चंदेल ने बताया कि उस्ताद अहमद मौहम्मद हुसैन बंधुओं ने श्री अक्षत की 8 रचनाओं को अपनी आवाज दी है, जिसमे से 5 गजलें मुंबई की मशहूर म्यूजिक कंपनी ने रिलीज किया है। इस अवसर पर विभूतियों को सम्मानित करने के साथ ही गजलों से निर्मित अशआर ए अक्षत एल्बम का विमोचन होगा एवं श्री अक्षत के प्रथम काव्य संग्रह उजालों का कारवां के द्वितीय संस्करण का भी विमोचन किया जाएगा साथ ही उस्ताद अहमद मौहम्मद हुसैन अपने सुमधुर भजनों और गजलों से श्रोताओं को सराबोर करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन शहर के मध्य स्थित हिंदी प्रचारिणी समिति प्रांगण में शाम 06:30 बजे से किया जाएगा। समिति ने समस्त कला प्रेमियों से निवेदन किया है की कार्यक्रम को व्यवस्थित बनाने के लिए समय से 15 मिनिट पूर्व अपना स्थान ग्रहण करें और अपने वाहनों की पार्किंग दशहरा मैदान में कर हमे सहयोग प्रदान करें जिससे यातायात व्यवस्था व्यवस्थित रहे।

# सेवानिवृत्ति पर डॉ. एस.पी. बिनाकिया को दी भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

शासकीय महाविद्यालय तामिया में वाणिज्य संकाय के प्राध्यापकडॉ. शारदा प्रसाद बिनाकिया के उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए सम्मान समारोह काआयोजन किया गया। इस संसार में ऐसे महामना विरले होते है जो अपनीकर्मण्यशीलता, जिजीविषा और जीवटता की मिसाल बनकर अन्य के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन जाते है। ऐसे व्यक्तित्व को पाकर कोई भी विभाग, कोई भी समाज, कोई भी राष्ट्र अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर सकता है। उक्त विचार महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस.पी. बिनाकिया के सेवानिवृत्त समारोह के अवसर प्राचार्य डॉ. महेन्द्र गिरि ने व्यक्त किये। डॉ. बनारसे ने सेवानिवृत सह.प्राध्यापक डॉ. बिनाकिया के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक विद्वान,कर्त्तव्यनिष्ठ, परिश्रमी, ईमानदार एवं समर्पित अनुशासन प्रिय प्राध्यापक बताया,उन्होंने कहा कि 40 वर्षों की सेवा काल में उन्होंने प्राध्यापकों, कर्मचारियों,विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के मध्य काफी लोकप्रियता हासिल की, इस दौरान डॉ.बनारसे ने कविता पाठ के माध्यम से विदाई समारोह में समा बांध दिया।

# नगर की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



गुरुवार को नगर के 11 सूत्रीय मांगों को लेकर नगर पालिका उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे को नगर वासियों द्वारा ज्ञापन सोपते हुए समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। ज्ञापन में वरिष्ठ नागरिक वासुदेव बुले,सोनबाजी झाडे,विलास बुले ने बताया कि नगर पालिका परिषद सौसर को विभिन्न समस्याओं को लेकर 11 सूत्रीय मांगों भारत ज्ञापन सोपा गया है। ज्ञापन में नगर के चारो ओर अव्यवस्थित रूप से फैले हुए अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए सौसर नगर को आपको अतिक्रमण मुक्त करने, लंबे समय से सौसर नगर की सीमा को विस्तारित करने की नगर वासियों के द्वारा की जा रही है।परंतु जनप्रतिनिधियों के द्वारा इस मांग को अनसुना किया जा रहा है वर्तमान में बढ़ती हुई जनसंख्या को देखते हुए नपा प्रशासन के द्वारा नगर की सीमा विस्तारित करना चाहिए।नगर का इकलौता बस स्टैंड को सुव्यवस्थित और विस्तारित करना चाहिए। नपा के द्वारावार्ड नंबर 5 के खेलकूद के मैदान का निर्माण किया गया है परंतु वहां बच्चों के लिए खेलकूद की कोई गतिविधियां संचालित नहीं की जा रही है। नगर का इकलौता स्वर्गीय रेवंनाथ चौरे पार्क भी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। सालों गुजरने के बावजूद भी यहां पर पार्क जैसी सुविधाएं देने में नपा प्रशासन नकारा साबित हुआ है। वार्ड नंबर 8 के श्मशानघाट को बाउंड्री वॉल से कव्हरड करना एवं प्रवेश व्दार बनवाना चाहिए।,लेंडी नाले से होने वाले कटाव को रोकना चाहिए। बारिश के दिनों में नल किनारे रहने वाले लोगों के घरों में पानी घुसता है। नगर में संचालित हो रहे शासकीय स्कूलों में पानी की व्यवस्था और टॉयलेटों की साफ सफाई नियमित होनी चाहिए।इस दौरान पवन भांगे,राजुजी गावंढे,आदि थे।

### रमाबाई महिला मंडल ने मनाई सावित्री बाई फुले की जयंती

**सौसर।** रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल सौसर की ओर से क्रांती ज्योती सावित्रीबाई फुले के जयंती पर बुद्ध विहार सौसर में कार्यक्रम का आयोजन करते हुएसावित्रीबाई फुले का स्मरण किया गया।जयंती समारोह का शुभारंभ तथागत बुद्ध डॉ बाबासाहेब आंबेडकर एवं क्रांतिज्योति सावित्री फुले के प्रतिमा पर माल्यार्पण अभिवादन के साथ किया गया।जयंती समारोह में अखिल भारतीय भीखू संघ मध्यप्रदेश अध्यक्ष भदत सारीपुत्रजी,भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत,व्यापारी संगठन अध्यक्ष दिलीप बागड़े,गुलाब खोबरागड़े,मुकेश बागडे,एड नरेश कड़बे, सुरेंद्र दुफारे,प्रवीण ठवरे,श्रीमती कंचन गजभिए ललिता दुफारे,के द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमे वर्तमान में क्रांतीज्योती सावित्रीबाई फुले के द्वारा किए गए कार्यों को अंगीकार करना चाहिए। घर-घर में महिलाओं एवं छात्राओं के द्वारा संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले,आई सावित्री फुले के विचारों का प्रचार प्रसार करना चाहिए।

### निगमायुक्त ने दिए थे बकायादारों पर कार्यवाही करने के निर्देश

# दुकान किराया जमा न करने पर निगम अमले ने चार दुकानों को किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह द्वारा दुकान किराया की समीक्षा की गई जिसमें आयुक्त द्वारा बड़े बकायदारों पर सख्ती के निर्देश दिए गए थे। निगमायुक्त के निर्देश पर निगम उपायुक्त कमलेश निरगुडकर गुरुवार को राजस्व अमले सहित बकायदारों की दुकानों को सील पहुंचे। राजस्व अमले को दुकान सील करने की कार्यवाही करता देख दुकानदारों में हड़कंप मच गया। किराया जमा न करने पर चार दुकानों को ताला लगाकर सील किया गया एवं अन्य दुकानदारों ने साठ हजार रुपए जमा कराए गए। निगमायुक्त के निर्देश पर निगम के राजस्व अमले द्वारा यह कार्यवाही नियमित रूप से को जाएगी। गुरुवार को हुई इस कार्यवाही में राजस्व अधिकारी साजिद खान, दुकान शाखा प्रभारी वीरेंद्र मालवी सहित निगम के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



### जलकर जमा करने पर किया नल कनेक्शन विच्छेद



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने जलकर एवं संपत्ति कर जमा न करने वाले लोगों पर कार्यवाही के निर्देश दिए थे। इस निर्देश के पालन में वार्ड क्रमांक 36 में दो नल कनेक्शन विच्छेद किए गए। इसके साथ ही एक अवैध नल का कनेक्शन भी विच्छेद किया गया। गुरुवार को हुई इस कार्यवाही में राजस्व निरीक्षक धर्मेंद्र माहोरे सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 18 वीं बैठक संपन्न

# बैठक में यात्री सुविधाओं और अन्य सुझावों पर महाप्रबंधक ने की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 18 वी बैठक बिलासपुर के रेलवे के महाप्रबंधक प्रशासनिक भवन मे महाप्रबंधक श्री आलोक कुमार जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें छिन्दवाड़ा ज़िले का प्रतिनिधित्व जेड आर यू सी सी मेम्बर के रूप में सत्येन्द्र ठाकुर ने किया मीटिंग के शुभारंभ में रेलवे महाप्रबंधक श्री आलोक कुमार जी ने जेड आर यू सी सी मेंबरो का शाल श्री फल से सम्मानित किया श्री ठाकुर ने ज़िले के रेलवे विकास और यात्री सुविधाओं से संबंधित निम्न सुझाव रखे जो निम्नानुसार है 1.नागपुर से शहडोल प्रतिदिन बहाया छिन्दवाड़ा चलने वाली ट्रेन को शहडोल से अनुपपुर तक बढ़ाया जाये इसके जवाब में रेलवे महाप्रबंधक ने बताया कि शहडोल ट्रेन को अनुपपूर तक बढाने का प्रस्ताव रेलवे मंत्रालय को भेजा जा चुका है जल्द ही इसके आदेश आने की संभावना है2.जबलपुर से लखनऊ के बीच चल रही चित्रकूट एक्सप्रेस को छिन्दवाड़ा तक तक बढ़ाये जाने का प्रस्ताव महीनों से लंबित है इसके जवाब में रेलवे विभाग द्वारा बताया गया कि गाड़ी संख्या 15205(लखनऊ - जबलपुर)चित्रकूट एक्सप्रेस जबलपुर 05.30 बजे पहुँचती है एवं अंतिम छोर के रखरखाव के पश्चात जबलपुर से लखनऊ के लिए गाड़ी संख्या 15206(जबलपुर - लखनऊ)चित्रकूट एक्सप्रेस बनकर 21.00 बजे प्रस्थान करती है इस गाड़ी का जबलपुर में लाई ओवर 15 घंटे 30 मिनट है यह गाड़ी पूर्व मध्य रेलवे (बरौनी) द्वारा परिचालित की जा रही है जिसका अंतिम छोर का रखरखाव पश्चिम मध्य रेलवे (जबलपुर)में होता है जबलपुर से छिंदवाड़ा (व्हाया नैनपुर) की दूरी एक ही दिशा में 263 किमी है एवं यात्रा अवधि लगभग 07 घंटा है इस गाड़ी को छिन्दवाड़ा (व्हाया नैनपुर )तक विस्तार करने के लिए लगभग 17.00 घंटे(14.00 घंटा यात्रा समय ,दोनों दिशाओं में +03.00 घंटा अंतिम छोर के रखरखाव )की आवश्यकता है उपलब्ध लाई ओवर में इस गाड़ी का छिन्दवाड़ा (व्हाया नैनपुर ) तक का विस्तारीकरण वर्तमान में संभव नहीं है इस प्रस्ताव को रेलवे बोर्ड भेजेगे3.सेवाग्राम ट्रेन का विस्तार छिन्दवाड़ा तक होना चाहिए इसके जवाब में रेलवे विभाग ने बताया गाड़ी संख्या 12139/12140(नागपुर छत्रपति शिवाजी मुंबई टर्मिनल - नागपुर)सेवाग्राम एक्सप्रेस का प्राथमिक रखरखाव नागपुर में होता है।

## आधी अधूरी सड़क निर्माण कार्य से राहगीरों को हो रही परेशानी

**दमुआ।** नगर पालिका परिषद दमुआ के निकाय क्षेत्र वार्ड क्रमांक १२ १ बोरिंग मोहल्ला में नगर पालिका दमुआ द्वारा सीसी रोड सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है जो की आधा अधूरा ही सड़क निर्माण कार्य करके छोड़ दिया गया है जिसकी वजह से आवागमन करने वाले राहगीरों वाहन चालकों ,स्कूली बच्चों आदि आम जनमानस को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि आधी अधूरी सड़क बनाई जाने से आवागमन करने वाले लोगों को दिक्कत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है साथ ही कई बार वाहन चालक आदि अधूरी सड़क बनाई जाने से दुर्घटना के शिकार हो गए हैं और आधी अधूरी सड़क बनाए जाने से लोगों को आने जाने में काफी दिक्कत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय रहवासी एवं नागरिकों का कहना है कि अधूरी सड़क आगे तक पूरी बनाई जाए जिससे कि आपातकालीन परिस्थितियों में अग्निशमन वाहन, एम्बुलेंस,पुलिस वाहन ,शववाहन आदि आना जाना कर सके और आमजन को भी सुविधाओं का लाभ मिल सके इसी तरह वार्ड क्रमांक 7 माइंस चौक से लेकर नंदन तक बनाए जाने वाली रोड जो जो कि आधा अधूरा पड़ा हुआ है जिससे स्कूली बच्चों एवं आवागमन करने वाले राहगीरों को काफी दिक्कत हो एवं परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।आधी अधूरी सड़क बनने के कारण वाहन चालक और आम जनमानस भी आवागमन करने में दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं संबंधित नगर पालिका के अधिकारियों जनप्रतिनिधि एवं संबंधित ठेकेदार से नागरिकों ने आधी अधूरी सड़क को शीघ्र ही बनाए जाने की अपील की है।

## आचार्य श्री के आगमन पर अगुवाई के लिए उमड़ा जन सैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

4 जनवरी 2024 गुरुवार सुबह 8:00 बजे 108 आचार्य श्री विशुद्ध सागर के परम प्रभावक शिष्य मुनि 108 निर्मोह सागर एवं मुनि 108 प्रणीत सागर का भव्य मंगल नगर प्रवेश हुआ, इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय श्री राम तिराहा पर नगर वासियों ने उनकी अगुवाई की। श्री राम तरह से नगर प्रवेश के बाद उन्हें स्थानीय 1008 श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर लाया गया, जहां पर मुनि श्री द्वारा अभिषेक पूजन उपरांत प्रवचन दिए गए, इसके पश्चात आहारचर्या नगर के अधिवक्ता तरुण जैन एवं पार्षद अपील समिति सदस्य संजय जैन के घर किए जाने के उपरांत उन्होंने दोपहर 2:00 बजे वन गमन किया जहां पर रात्रि विश्राम में रामपुर में 19 किलोमीटर की यात्रा के पश्चात करेंगे। संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबियों के अतिरिक्त नगर वासी उपस्थित थे।

### निशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

**दमुआ।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत लायन्स सेवा समिति दमुआ व लायंस क्लब परासिया के तत्वाधान में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मरीज ने बारी बारी से अपनी आंखों की जांच कराई समिति अध्यक्ष रवि शंकर साहू ने बताया कि ओपीडी 72 मरीज ने अपनी आंखों की जांच कराई जिसमें 24 मरीज मोतियाबिंद के पाए गए जिनका चयन करने लायंस नेत्र चिकित्सालय परासिया बस द्वारा ले जाया गया जहां नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा मोतियाबिंद का कुशल ऑपरेशन कर उन्हे लाभान्वित किया गया शिविर में लायंस नेत्र चिकित्सालय की टीम नेत्र चिकित्सा सहायक डॉक्टर रामकुमार, नर्स दिव्या आरसे,कविता राठोर, भाई मुकेश सोनी ने अपनी सेवाएं दी शिविर को सफल बनाने में राकेश खातरकर ,दुर्गा सिंह राजपूत ,गोस्वामी जी, मानबहादुर वर्मा, विजय धुर्वे ,मोती वर्मा,शंकर अतुलकर जी ,कमल सुजोनिया जी का विशेष सहयोग रहा।



### भीमराव गवंडे का निधन, लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**दमुआ।** दमुआ नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं समाजसेवी लायंस सेवा समिति दमुआ के कर्मठ सदस्य ,सेवानिवृत्त वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के कर्मचारी वार्ड क्रमांक 14 दमुआ बाजार के मूल निवासी के निवासी श्री भीमराव गवंडे जी का 1 जनवरी 2024 दिन सोमवार को 97 वर्ष 6 महीने की आयु में आकस्मिक निधन हो जाने पर उनकी अंतिम शव यात्रा में शामिल रिश्तेदार,समाजसेवी, धार्मिक संगठन ,सामाजिक संगठन ,व्यापारी मंडल ,गणमान्य नागरिक ,लायंस सेवा समिति के सदस्य दोस्त मित्र रिश्तेदार आदि उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत भरदी में पहुंची विकास यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

विकसित भारत संकल्प यात्रा निरन्तर विधानसभा जुन्नारदेव के हर ग्राम पंचायत में पहुंच रहीं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत भरदी में विकास यात्रा पहुंची।

विकास यात्रा में ग्राम वासियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया।विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मुख्य रूप से जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सविता भोसम जी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गोवर्धन यदुवंशी जी मंडल अध्यक्ष मनोज भौरेजी,मंडल महामंत्री आशीष मालवीय जी मंडल महामंत्री सोनु राकेसिया जी भाजपा नेता नगर मंडल मंत्री दुर्गाप्रसाद यदुवंशी जी ,एसटी मोर्चा अध्यक्ष अंकित ठाकुर जी भाजपा नेता विजय भौरे जी,,भाजपा नेता अशोक भोसम जी सरपंच गेंदो बाई राजभोपा ,उपसरपंच राजकुमार बेलवंशी सचिव विजय भन्नारे ,समस्त भाजपा के जनप्रतिनिधि गण एवं सभी विभाग पदाधिकारी क्रषि विभाग महिला बाल विकास विभाग स्वास्थ्य विभाग राजस्व विभाग क्रषि विज्ञान केन्द्र छिंदवाड़ा वन विभाग ,पशु विभाग पीएचई विभाग ,शिक्षा विभाग जनपद स्व-सहायता समुह कि महिलाएं एवं भरदी पंचायत में सांस्कृतिक कार्यक्रम के बच्चों को पुरस्कृत किया गया सभी जनता मौजूद रहे।सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के तहत विकास यात्रा का कार्यक्रम संपन्न किया गया

## दि बुद्धिस्ट सोसायटी की बैठक 7 को

***बैठक में बुद्धिस्ट धम्मयात्रा 10 से 27 फरवरी एवं 7 फरवरी माता रमाई आंबेडकर जी की जयंती मनाने की रूपरेखा बनाई जावेगी***



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

दिनांक 7 जनवरी 2024 को स्थानीय समता भवन पंचशील बुद्ध विहार बुढी बालाघाट में दि बुद्धिस्ट सोसायटी की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक 7 जनवरी को दोपहर 12 बजे से संस्था के प्रदेश अध्यक्ष चरनदास ढेंगरे के मुख्यातिथ्य में एवं जिलाध्यक्ष एस.एल.रंगारे की अध्यक्षता तथा संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमलता डोंगरे,प्रदेश सचिव आर.के.कठाने एवम राजकपुर कामडे के विशेष आतिथ्य में एवं जिला शाखा समस्त एवं तहसील नगर शाखाओं के प्रमुख पदाधिकारियों के प्रमुख उपस्थिति में सम्पन्न होगी। बैठक में निम्न बिंदुओं पर चर्चा की जावेगी। जिसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र के साथियों को सदस्य बनाना, सक्रिय तथा आजीवन सदस्यता बनाने का अभियान चलाना, शाखाओं का गठन,पुनर्गठन करना एवं धम्म प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन पर विचार एवं आयोजन का मांग पत्र, माता रमाई आंबेडकर जयंती मनाने की रूपरेखा बनाना, भारतीय संविधान के अनुसार जनमानस को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु प्रचार प्रसार करना, जिला शाखा द्वारा आयोजित बुद्धिस्ट धम्म यात्रा का प्रचार प्रसार एवं रूपरेखा तैयार करना, सभी बिंदुओं के अनुसार जिलो की सभी नगर, तहसील शाखाओं के कार्यो की समीक्षा की जावेगी। अन्य विषय जो अध्यक्ष की अनुमति से हो उस पर भी चर्चा की जावेगी। अतः संस्था के जिला एवं जिले के अंतर्गत सभी तहसील, नगर शाखाओं के प्रमुख पदाधिकारियों से निर्धारित समय पर अपनी शाखाओं की प्रगति रिपोर्ट के साथ बैठक में उपस्थित होने की अपील की गई है।

7 जनवरी को निकलेगी श्रीराम बालाजी ग्राम मंगल पदयात्रा

## रामपायली में होगा 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी रामपायली जहां उनके चरण कमल माता जानकी एवं भ्राता लक्ष्मण के साथ विराट राक्षस का वध करने के उपरांत सारभंग ऋषि के दर्शन लाभ लेने पहुंचे श्रीराम जी के भव्य श्रीराम मंदिर प्रांगण में इस वर्ष पुनः श्रीराम बालाजी ग्राम मंगल पदयात्रा का भव्य आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें हजारों की तादाद में जन समुदाय अपने-अपने ग्रामों से पदयात्रा करते हुए भगवान श्रीराम के नाम के जयकारा लगाते हुए ढोल बाजों के साथ ग्राम में पहुंचेगी। जहां उनका भव्य स्वागत उपरांत उन्हें केले के पत्ते पर भोजन ग्रहण करने की परंपरा का पुनः एक बार निर्वहन 7 जनवरी 2024 को होने जा रहा हैं। जिसमें अधिक से अधिक जन समुदाय के पहुंचने की अपील आयोजन समिति द्वारा की गई है।

श्रीराम सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीराम बालाजी ग्राम



मंगल पदयात्रा कटंगी, जराहमोहगॉव, वारासिवनी लिंगमारा, घोटी, आरंभा, भेंडारा, खैरलांजी, टेकाडीघाट, अंसेरा, सिकंदरा, मेंडक्की, झाडगांव, डोंगरमाली, नवेगांव, ऐरवाघाट, पौनेरा, थानेगांव, जलगांव, चिचोली, नवेगांव, खरखड़ी, सालेबर्डी, उमरवाड़ा, मेहदोली, गर्रा बोड़ी, कोथुरना, सोनझरा, चिखलाबांध, अमई, लालपुर, देवगांव, मोहगांव, पिपरिया, बिठली, कन्हारटोला, सिंगोड़ी, कटंगटोला आदि ग्रामों से हजारों नर-नारी इस पदयात्रा में भाग लेकर रामपायली श्रीराम मंदिर में पहुंचेंगे। जहां अयोध्या में बनाए जा रहे भगवान श्रीराम के मंदिर के स्टेचू का पूजन दर्शन एवं श्रीराम बालाजी भगवान के विशाल महाआरती में शामिल होंगे। तत्पश्चात भोजन ग्रहण कर अपने-अपने निवास स्थान के लिए वापस होंगे।

इस वर्ष भी इस आयोजन को और धूमधाम से मनाने का समिति द्वारा निर्णय लेकर 24 कुंडली गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया हैं। जिसमें विराट रूप में सामूहिक आरती, मनभावन अनेक झांकियां, मिट्टी के बर्तन, ग्रामीण उद्योगों के उत्पाद, ग्रामीण हाट बाजार के विशेष स्टाल प्रदर्शनी मौजूद होंगी। इस आयोजन का सबसे मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक मुक्त कार्यक्रम हैं। जिसमें सामाजिक समरसता के दर्शन, गोवन संरक्षण, गो कृषि गो उत्पादों का प्रचार प्रसार करना हैं। इस रामपायली तीर्थ में सहपरिवार पधार कर श्रीराम जी की कृपा प्राप्त करने की अपील श्री राम सेवा समिति द्वारा की गई है।

## आदिवासी की जमीन पर अवैध कब्जा : न्याय की उम्मीद में पुत्र और पोता अफसरों के काट रहे चक्कर

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** सरकारी कागजों में हेर-फेर कर एक आदिवासी की जमीन पर गैर आदिवासियों के द्वारा जमीन हड़पने का मामला प्रकाश में आया है. यह मामला तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम मिरगपुर निवासी मृतक आदिवासी शख्स रतिराम वरकड़े की पाढ़रवानी में स्थित जमीन से जुड़ा हुआ है जिस पर अवैध तरीके से कब्जा कर बीते कई सालों से निजी मैंगनीज खदान का संचालन हो रहा है. यह आरोप मृतक रतिराम वरकड़े के पुत्र पारस वरकड़े और पोते गोंविद वरकड़े ने तिरोड़ी थाने में गुरूवार को शिकायत करते हुए लगाया है. उन्होंने जमीन से जुड़े तमाम सरकारी कागजों को प्राप्त करने के बाद जमीन पर अपना दावा करते हुए बताया कि उनकी जमीन पर मेसर्स डी.पी.राय नाम की खदान संचालित हो रही है और वह अपनी जमीन को वापस पाने के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहे है. मगर, अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे. सरकारी कागजों के हिसाब से 1954 में खसरा नंबर 4/2 की भूमि रतिराम गोड़ के नाम दर्ज है लेकिन 1967 में जामवंती योगेश चंद हजारी के नाम दर्ज हुई और मौजूदा वक्त में इस जमीन पर अखिलेश हजारी, राजेश हजारी, दिनेश हजारी, अवधेश हजारी, ब्रजेश हजारी, आशीष हजारी और अभिषेक राय के नाम दर्ज हो चुकी है. पीड़तिों ने वकील के माध्यम से बालाघाट कलेक्टर सहित खदान संचालक और अन्य 06 लोगों को करीब 02 पहले नोटिस तामिल करवाया था किन्तु नोटिस प्राप्तकर्ताओं ने कोई जवाब नहीं दिया है. अब पीड़ति आदिवासी सरकार और वरिष्ट अधिकारियों से न्याय की उम्मीद लगाए हुए है।



**आदिवासी की जमीन सामान्य वर्ग के नाम हुई दर्ज:** जमीन घोटाले को लेकर एक बड़ा सवाल यह है कि जो जमीन आदिवासी की है वह गैर आदिवासियों के नाम कैसे दर्ज हो गई. रतिराम गोड़ की जमीन जामवंती हजारी और फिर अन्य के नाम दर्ज होना ही जांच का विषय है. प्रथम दृष्टया तो मामला साफ तौर पर समझ आ रहा है कि करीब 50 साल पहले ही उस वक्त कागजों में हेर-फेर कर आदिवासी की करीब 5 एकड़ जमीन को अपने नाम कर लिया गया है और यह काम बिना अधिकारियों की मिलीभगत के संभव नहीं है. मृतक रतिराम के पुत्र पारस ने बताया कि अज्ञानता की कमी के कारण उन्होंने इतने सालों तक कुछ भी नहीं किया लेकिन जब उनके पुत्र गोंविद वरकड़े को शिक्षा हासिल करने के बाद जमीन की समझ आई तो उन्होंने जमीन से जुड़े दस्तावेज की खोजबीन शुरू की करीब डेढ़ साल पहले जमीन की पावती उनके हाथ लगी और उन्होंने अपनी जमीन के बारे में सरकारी कार्यालयों से जानकारी एकत्रित करनी शुरू की तो पता चला कि दादा की जमीन को गैर आदिवासियों ने अपने नाम दर्ज करवा ली है।

जनसेवा मित्रों द्वारा लोगो को घर-घर जाकर योजनाओं के बारे में किया जागरूक

## कुम्हारीकला और सिरेगांव पंचायत पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



हरिभूमि न्यूज लांजी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा की गारंटी वाली गाड़ी ने गुरूवार को लांजी जनपद क्षेत्र की पंचायत कुम्हारीकला और सिरेगांव पहुंचकर भारत सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के प्रति जन जागरूकता की और वंचित पात्रों को योजनाओं से जोडऩे के लिए जागरूक किया। शिविरों में विद्यार्थियों और आमजन ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन के पहुंचने पर स्वागत किया। वहीं इस दौरान जनसेवा मित्रों के द्वारा लोगो को घर-घर जाकर योजनाओं के बारे में जागरूक किया और ग्रामीण जनों को ज्यादा से ज्यादा संख्या मे संकल्प यात्रा में पहुंचने के लिए कहा गया। जिनको योजनाओं का लाभ नहीं मिला था उन्हे आवश्यक दस्तावेजों के बारे में जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं के बारे में जन प्रतिनिधियों और संबंधित विभाग के अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया और उनका निराकरण कराने का प्रयास किया गया। गांव के लोगो ने राशन, आवास उज्जवला कनेक्शन से संबंधित समस्या के लिए आवेदन दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सभी अधिकारी उपस्थित रहे और ब्लॉक लांजी के जनसेवा मित्र ब्लॉक प्रभारी दीपांकर भार्गव, मचलेश शंडे सह प्रभारी, देवेंद्र सोनटेके, सुषमा खानोरकर, राशु कोठारे, रानी उके, सुजाता सोनटेके, प्रगति बुढ़ावने, विशाल बोरकर, स्वपनील बागड़े, अलका नागवंशी, पायल बनवारी, ज्योति देवगड़े, कुनाल पारधी सहित अन्य उपस्थित रहे ।

कबड्डी प्रतियोगिता में घोटी नंदोरा, क्रिकेट में मनेरी ने मारी बाजी

## घोटी नंदोरा में क्रिकेट, कबड्डी और गिल्ली डंडा टूर्नामेंट का समापन

हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी क्षेत्रांतर्गत ग्राम घोटी नंदोरा में क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन किया गया। जिसमें घोंटी नन्दोरा एवं मनेरी के मध्य फ ाइनल मैच खेला गया। जिसमें घोंटी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। और मनेरी टीम को पहले बल्लेबाजी करने को आमंत्रित किया। जिसमें मनेरी टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 5 विकेट खोकर 116 रन बनाए। और घोंटी को 117 रनों का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी में घोटी ने 69 रन ही बना सकी। और घोटी 2 नम्बर पर रहीं। एवं मनेरी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी टूर्नामेंट में प्रथम स्थान घोंटी नन्दोरा एवं लांजी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एवं गिल्ली डंडा टूर्नामेंट में प्रथम स्थान घोंटी के विकास नारनौरे एवं दूतिय स्थान पर शुभम् गजबे ने अपने नाम किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीचंद कामडे सरपंच, किशोर रामटेककर पार्षद, संजय सैयाम पार्षद, भरत कबीरे, मदन लाल बेदरे पूर्व सरपंच, गणेश बागड़े सरपंच, रविन्द्र यादव, बीरबल चौंके, गरीब दास रंधये, नेतराम तिडके, लखाराम वाघाडे, रामभरोस यादव, कृष्ण कुमार पांचे सरपंच, ओमप्रकाश दौने सरपंच, टोपराम हनोते, सेवकराम आसटकर, तुकाराम बारेकर जी एस टी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष, शुभम् वाकड़े, दीपक गजबे, आयुष नारनौरे, विकास नारनौरे, शुभम् गजबे, शुभम् बारेकर, नवीन मानकर,अजय मानकर, ईश्वरी बिल्हारे, बुधराम नारनौरे,शिव नारनौरे, कुंजन हनोते, नंदू किरमे, नरेन्द्र कावरे, भिवराम दांदरे, तन्मय किरमे, सज्जू मानकर, सुरेन्द्र वाकड़े एवं समस्त ग्रामीणजन एवं समस्त खिलाड़ीगण उपस्थित रहे। श्री हनुमान चालीसा पाठ समिति घोंटी द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट की शील्ड दी गई। कबड्डी टूर्नामेंट की शील्ड हीरालाल मातरे द्वारा प्रदान की गई। गिल्ली डंडा टूर्नामेंट के शील्ड संतोष मोरघडे संचालक साकेत पब्लिक स्कूल लांजी द्वारा दिया गया। ओमप्रकाश हनोते द्वारा टीम मैनेजमेंट किया गया वहीं क्रिकेट टूर्नामेंट में करीब 48 टीमों ने भाग लिया और टूर्नामेंट का सफल संचालन किया गया।



### 07 को निकलेगी ग्राम मंगल पैदल यात्रा

**कटंगी।** मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के पद चिन्ह की धार्मिक स्थली रामपायली के लिए आगामी 07 जनवरी को प्रतिवर्ष की तरह इस साल भी श्रीराम बालाजी ग्राम मंगल पदयात्रा का आयोजन होना है. इस यात्रा को लेकर गुरुवार को यात्रा प्रभारी और पदाधिकारियों ने विश्राम गृह कटंगी में प्रेस वार्ता की और यात्रा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी. सामाजिक चेतना, समरसता, धर्म जागरण, जल संरक्षण, ग्राम विकास, गौ सेवा, गौ आधारित उद्योग, जैविक कृषि और पर्यावरण को संरक्षित करने लोगों में जागरूकता लाने के लिए विगत 08 सालों से निरंतर ग्राम मंगल पदयात्रा निकाली जा रही है. प्रेस वार्ता में बताया गया कि 07 जनवरी को सुबह कटंगी शहर के बड़ा राम मंदिर से मंगल पदयात्रा की शुरूआत होगी. यात्रा जराहमोहगांव, पौनेरा, उमरवाड़ा, लालपुर, सिंगोड़ी, कटंगटोला होकर रामपायली पहुंचेगी. जहां 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ होगा।

## खबर संक्षेप

### दीप यज्ञ के साथ गायत्री महायज्ञ पूर्णाहुति संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार शाखा कहानी के प्रतिनिधित्व में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन विगत 30 दिसंबर से प्रारंभ होकर 4 जनवरी 2024 तक बृहद रूप से संचालित होते हुए संपन्न कराया गया इस कार्यक्रम में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक आयोजन चरणबद्ध तरीके से संपन्न कराए जाते थे विभिन्न धर्म संस्कारों से परिपूर्ण इस आयोजन में शांतिकुंज हरिद्वार से विद्वानों की टोली पहुंची थी जिन्होंने अपने मुखारविंद से समस्त यज्ञ आयोजन को संपन्न कराया एवं प्रतिदिन नशा मुक्ति एवं सात विचारों के लिए संकल्प दिलाया जाता था इसके साथ ही प्रतिदिन प्रज्ञा पुराण का वचन जनमानस के बीच पहुंचा 3 दिसंबर को 1100 दीपक की रोशनी के साथ मंत्र उच्चारण के बीच दीप यज्ञ जनमानस के माध्यम से संपन्न कराया गया अगले दिन पूर्णाहुति के साथ विशाल हवन प्रसाद भोजन भंडारा संपन्न हुआ।

# जिले में बिक रहा चाइना का मांझा, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।


फाईल फोटो

लोहड़ी पर्व के नजदीक आते ही जिले में चाइना मांझे (गट्टू) पर पाबंदी के बावजूद गली-मोहल्लों में चोरी-छिपे धड़ल्ले से आधा किलो का गट्टू 350 में बिक रहा है। हैरानीजनक यह है कि इस सीजन में जिला पुलिस गट्टू डोर बेचने वालों का एक भी केस नहीं पकड़ पाई है। नतीजन लोग गट्टू डोर की चपेट में आने से जख्मी होना शुरू हो गए हैं। इन दिनों पतंगबाजी का दौर चल रहा है और लोग खासकर युवा और बच्चे चाइनीज मांझे का जमकर उपयोग कर रहे हैं। इस मांझे की तेज धार जीवन की डोर के लिए खतरनाक साबित हो रही है, फिर चाहे इंसान हो पशु-पक्षी। सभी के लिए चाइनीज मांझा जानलेवा साबित हो रहा है। शहर सहित गांवों में आज भी यह खतरनाक मांझा धड़ल्ले बिक रहा है। यह मांझा सादे मांझे की तुलना में दुकानदार के लिए फायदे का सौदा साबित हो रहा है। ऐसे में दुकानदार भी इस मांझे को बेचने में ज्यादा रूचि दिखाते हैं। दैनिक भास्कर ने प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की हकीकत जानी तो सामने आया कि दुकान पर चाइनीज मांझा मांगते ही दिया जा रहा है। पर्यावरण प्रेमी का कहना है कि इस मांझे को बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। चाइनीज मांझे की धार तलवार से भी तीखी होती है। चाइनीज मांझे की डोर उसमें उलझने वाले के अंगों को ही काट डालती है। तेज गति से वाहन पर जाते लोगों के घायल होने का कारण भी यही है। चाइनीज मांझे को हाथ से खींचने पर हाथ ही कट जाता है। हर साल चाइनीज मांझे सैकड़ों पक्षियों की जान चली जाती है।

पतंगबाजी का सीजन शुरू होते ही बाजार में चाइनीज मांझे की भी आवक शुरू हो गई है। प्रतिबंध के बावजूद भी बाजार में मांझा धड़ल्ले से बिक रहा हैं। चाइनीज मांजे से प्रदेशभर में भले ही कई मौतें हो चुकी है लेकिन कार्रवाई के नाम पर प्रशासन सिर्फ खानापूर्ति करने में लगा है।

ऐसे में सवाल यह है कि प्रशासन की ओर से चाइनीज मांझे पर कार्रवाई हैं या मजाक किया जा रहा हैं। पिछले कई वर्षों से बाजार में चायनीज मांझा की बिक्री बढ़ रही है। प्लास्टिक डोर होने के चलते बाजार में इसका उपयोग बढ़ता जा रहा है। इससे हर वर्ष कई लोग घायल हो गए जाते हैं कई लोग की मौत हो जाती हैं। राज्य सरकार की ओर से हरवर्ष इस पर कार्रवाई करने के आदेश निकाले जाते हैं।

रोक लगाने के बाद भी व्यापारी चोरी छुपी यह मांझा बेच रहे हैं। कठोर कार्रवाई नहीं होने के चलते व्यापारियों में भय नही है, इसलिय बाजार में चायनीज मांझा आराम से बिक रहा है। पतंग कारोबारी बताते हैं कि चाइनीज मांझे में प्लास्टिक होता है। इस वजह से यह आसानी से टूटता नहीं है। इसमें धार भी होती है। सभी मांझे घातक होते हैं, लेकिन चाइनीज सबसे खतरनाक साबित होता है। चाइनीज मांझे को विशेष तौर पर तैयार किया जाता है। चाईनीज मांझे को बनाने में कुल पांच प्रकार की केमिकल और अन्य धातुओं का प्रयोग किया जाता है। इनमें सीसा, वजरम नामक औद्योगिक गौंद, मैदा फलौर, एल्युमीनियम ऑक्साइड और जिरकोनिया ऑक्साइड का प्रयोग होता है। इन सभी चीजों के मिक्स होने पर तेज धार वाला चाईनीज मांझा तैयार होता है। चाइनीज मांझे से पक्षियों को भारी नुकसान होता हैं। पतंगबाजी के दौरान पक्षी मांझे की चपेट में आ जाते हैं। कई पक्षी घायल हो जाते हैं व कइयों की मौत हो जाती हैं।

# प्रमुख सचिव ने नशा मुक्ति केंद्र का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी में भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकरिता मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से ज़िला नशा मुक्ति अभियान संगठन बालाघाट द्वारा संचालित नया जीवन नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण सामाजिक न्याय एवं निःशक्त जन कल्याण विभाग मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव सचिन सिन्हा किया गया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं निः शक्तजन कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सचिन सिन्हा ने नया जीवन नशामुक्ति केंद्र में उपचार करा रहे नशा पीड़ितों को दिए जाने वाली सुविधाओं व उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी हासिल कर नशा मुक्ति केंद्र कार्य कर रहे कर्मचारियों को भी उचित मर्गदर्शन दिया। श्री सिन्हा ने नशा मुक्ति केंद्र में उपचार करा रहे नशा पीड़ित व्यक्तियों से चर्चा करते हुए नशा न करने की समझाइश दी एवं नशा मुक्त केंद्र से जाने के बाद नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही सुबह के साथ साथ शाम के समय भी केंद्र में ध्यान व योगा काराने की सलाह दी। इस अवसर ओर उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निः शक्त जन कल्याण सिवनी वीरेश सिंह बघेल संस्था के संचालक धनेंद्र हनवत, संस्था कके कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



# कड़ाके की ठंड में बांटे गर्म कपड़े : आयुष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



वस्त्र अर्पण अभियान के नाम से चलने वाला एक ग्रुप की कई वर्षों से पहल चल रही है वह ग्रुप एक समाज सेवी संगठन के रूप में कार्य कर रहा है हर वर्ष गरीबो को गर्म कपड़े प्रदान किये जाते है। इस वर्ष भी नवम्बर माह से वस्त्रो का वितरण चालू हुआ है जो अब समाप्ति की ओर है लगभग इस वर्ष 2700 से अधिक लोगो तक इस समूह की यह पहल पहुँची है इस वर्ष सहयोग करने वाले भी जबलपुर मंडला के अधिक लोग है और इस वर्ष वितरण सिवनी जिले में बंडोल चमारी कलरबाक्री सोमवारी क गोपालगंज घंसौर पर एव जबलपुर में ग्वारी घाट के पास स्टॉल लगा कर वितरण किये गए। लगभग इस वर्ष 2200 कपड़े समाज से प्राप्त हुए ही ओर पिछले वर्ष के बचे हुए वस्त्रो को मिला कर सब कुछ समाज के असहाय परिवारो को प्रदान किये गए। यह अभियान के लगभग सात वर्ष होने जा रहे है इसमें तत्कालीन कलेक्टर भरत यादव की अच्छी भूमिका रही उनके मार्गदर्शन में यहां अभियान चलया गया श्री यादव और आयुष चौहान ने यहां अभियान प्रारंभ किया था उनके बाद इस अभियान में कलेक्टर धनराजू एस ने भी अपनी अच्छी भूमिका निभाई थी।। इस अभियान में कुछ स्वंय सेवी ओर समाज सेवी संगठन ने काम किया जिसमें से मुख्य रूप से गूंज संस्था बंडोल की है जिसके सचिव शिवम पांडे है उनका कहना है कि भगवान ने हमको गरीबो ओर असहायों की मदद के लिए चुना है यह हमारे लिए भग्य की बात है अभियान के सदस्य आयुष चौहान ने बताया कि वे स्व प्रेरणा से इस कार्य मे आये थे आज लोग उनको कपड़े और कंबल बाटने वाले के नाम से जनता है हम किसी से आर्थिक मद्दत नही लेते है जो अपनी स्वंम की इक्छा से हमको वस्त्र दान दे हम अपने संपर्क सूत्र 7566282718 में बात करके वस्त्र लेते है हमने अपना संपर्क सूत्र सार्वजनिक किया है जो इक्छा रखते है वो हमसे जुड़ सकते है अभियान में गोपनीयता नीति है। क्योंकि जिसको हम वस्त्र दे रहे है उसको भी अपना स्वाभिमान प्यारा होता है उनको अपने आप मे शर्म महसूस नही होना चाहिये इसलिए हम गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाता है जो भी समाज के संगठन कार्य करना चाहते है जरूर जुड़े।। जो अभियान में जुड़ना चाहता है एवं वस्त्रो का दान देना चाहता है वो जरूर हमसे जुड़े ऐसी अपील गूँज के सदस्यों ने की है।

# अन्य जिलों में धान भेजने पर रोक लगाने के लिए सांसद ने की मुख्यमंत्री से मांग



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के आशीष ( आशु ) अग्रवाल की मांग करने पर सांसद महोदय द्वारा सिवनी , बालाघाट जिले से अन्य जिलों मे धान भेजने पर रोक लगाने की सिवनी / बालाघाट सांसद ढालसिंह बिसेन द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलकर ज्ञापन देकर मांग की गई आशीष (आशु ) अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष चावल उद्योग महासंघ ने जानकारी देते हुए बताया कि सिवनी एवं बालाघाट जिले सहित प्रदेश मे धान उपार्जन का कार्य चल रहा है जिसके अंतर्गत प्रमुख सचिव खाद्य के निर्देशानुसार अन्य जिलों के मिलर्स को धान मिलिंग करने हेतु दिए जाने के आदेश जारी किए गए है जिसके विरोध स्वरूप माननीय मुख्यमनत्री, खाद्य विभाग के प्रमुख सचिव, प्रबंध संचालक नान एवं मार्कफेड को दिए गए पत्र मैं सांसदजी द्वारा लिखा गया है कि बालाघाट सिवनी जिले की 200 राइस मिलो मे लगभग 20 हजार मजदूर कार्यरत है एवं अन्य जिलों मैं धान भेजे जाने से धान 2-3 महीनों मैं खत्म हो जाएगी जिसके कारण मिलर्स एवं वेयर हाउस संचालको को अधिक हानि होगी एवं मजदूर बेरोजगार हो जाएंगे जबकि शासन की मिलिंग हेतु अंतिम तारीख 30/9/24 तक है फिर भी अतिरिक्त परिवहन व्यय करके अन्य जिलों मैं धान भेजकर शासन को नुकसान पहुंचाया जा रहा है अतः इसको तत्काल रोकने की मांग सांसद महोदय द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन के माध्यम से की गयी है।

# पूनम बरकड़े का सहायक संचालक स्कूल शिक्षा विभाग में चयन

**सिवनी।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र केवलारी ब्लॉक के बनाथर ग्राम में जन्मी पूनम बरकड़े का शैक्षणिक संघर्ष अन्य बेटियों के साथ-साथ शिक्षा प्राप्त कर अपना भविष्य शासकीय सेवा में तलाशने वाले युवक-युवतियों के लिये प्रेरणादायक है। पाण्डियाछपारा, सिवनी, बालाघाट में शैक्षणिक अध्ययन किया हम आपको बता दे कि पूनम बरकड़े ने अपनी प्राथमिक, माध्यमिक शिक्षा पाण्डिया छपारा में प्राप्त किया। इसके बाद सिवनी मुख्यायल के महारानी लक्ष्मी बाई गर्ल्स स्कूल सिवनी अध्ययनरत एवं प्री मैट्रिक गर्ल्स हास्टल में रहकर कक्षा 12 तक अध्ययन किया था। वहीं पूनम बरकड़े ने अपनी स्नातक की शिक्षा जटाशंकर त्रिवेदी कॉलेज बालाघाट से बीएससी की पढ़ाई पूर्ण की है। पूनम बरकड़े बचपन से शिक्षा व शैक्षणिक अध्ययन के प्रति मेहनत, लगन के साथ प्रयास करने में आगे रही है। अपना लक्ष्य को लेकर पूनम बरकड़े मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा की तैयारी हेतु इंदौर वर्ष 2018 में गई थी। पूनम बरकड़े ने वर्ष 2019 की पीएससी की परीक्षा को प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण कर लिया है और पूनम बरकड़े का चयन सहायक संचालक स्कूल शिक्षा विभाग में हो गया है। इन परीक्षाओं में सफलता मिली हम आपको बता दे कि पूनम बरकड़े का वर्ष 2020 में अधीनस्थ लेखा सेवा पद में अनुपूरक सूची में भी था। वहीं वर्ष 2021 का मध्यप्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग का साक्षात्कार हेतु भी चयन किया गया है। इसके साथ ही वर्ष 2022 की मुख्य परीक्षा में भी सम्मिलित होने जा रही है। मां ने हमेशा मुझे आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया पिता श्री मेलाराम बरकड़े किसान है हालांकि शुरूआत में वे बैंक में पदस्थ थे लेकिन उन्होंने नौकरी को छोड़कर किसानी का कार्य करते है। वहीं पूनम बरकड़े की मां श्रीमती ज्ञानेश्वरी बरकड़े वर्तमान में आदिवासी कन्या आश्रम दुरेंदा केवलारी जिला सिवनी में शिक्षाकर्मी वर्ग 3 के पद पर पदस्थ है। पूनम बरकड़े ने बताया कि वह आज जिस मुकाम पर पहुंची है उसके पीछे सबसे प्रमुख साथ मां का रहा है जिन्होंने हमेशा मुझे आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया है। इसके साथ ही विपरीत परिस्थिति में मां श्रीमती ज्ञानेश्वर बरकड़े ने मेरा हौसला बढ़ाया है। पूनम बरकड़े ने इसके अतिरिक्त अपने गुरूजनों, सहपाठियों को भी अपनी सफलता में श्रेय दिया है जिन्होंने अपना विशेष योगदान दिया है।



# धमाकेदार जीत के साथ के के जबलपुर पहुंची फाइनल में





हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी केवलारी के तत्वाधान में चल रहे अंतर्राज्यीय क्रिकेट महोत्सव के प्रथम पूल का सेमीफाइनल मैच आज के के जबलपुर एवम वीटीसीए नागपुर के मध्य खेला गया। जिसमे वीटीसीए नागपुर ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। के के जबलपुर की ओर से भानु रघुवंशी की शानदार अर्द्ध शतकीय पारी की बदौलत टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 169 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में खेलने उतरी वीटीसीए नागपुर की टीम भानु रघुवंशी की सटीक गेंदबाजी के सामने लड़खड़ाते रही, और निर्धारित 20 ओवर में मात्र 125 रनों पर धराशायी हो गई। सम्माननीय एसडीओपी सर श्री आशीष भराड़े के द्वारा भानु रघुवंशी को उनके हीट्रिक सहित कुल 5 विकेट एवं 57 रनों की बेहतरीन पारी के लिए मैन ऑफ द मैच के पुरुस्कार से नवाजा गया। प्रतियोगिता के द्वितीय पूल का पहला मैच कल दोपहर 12 बजे से बीपीसीए प्रयागराज एवम यूनिक परासिया के बीच खेला जाएगा। एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी केवलारी के अध्यक्ष अमित तिवारी ,उपाध्यक्ष बाबा भाई सचिव नितिन बघेल सहसचिव अभय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निर्मल सिंह बघेल, सदस्य जफर खान, दीपक गोस्वामी,विज्जु विश्वकर्मा,राजा सूर्यवंशी सहित सभी सदस्यों ने इस आयोजन को मिल रहे असीम सहयोग एवं प्यार के लिए समस्त नगरवासियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया है।

# मॉडिफाइड साइलेंसर वाहनों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** इन दिनों कुछ युवकों की ओर से बाइक के साइलेंसर को मॉडिफाइड कर ध्वनि निकाल कर बाइक चलाई जा रही थी। जिससे आम लोगों को परेशानी हो रही थी। इस बात की शिकायत कुछ लोगों ने कोतवाली पुलिस को की, जिसके बाद पुलिस ने रात्रि के समय इस तरह के बाइक चालकों को रोककर जुर्माना लगाते हुए समझाइश दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी से कुछ लोगो ने शिकायत की थी कि बाइक चालक कर्कश आवाज निकालकर बाइक चलाते है। जिसके कारण उन्हें परेशानी होती है। शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक की ओर से तेज व मॉडिफाइड साइलेंसर वाहनों पर कार्रवाई करने के लिए कोतवाली थाना प्रभारी को निर्देशित किया। जहां रात्रि में थाना कोतवाली की ओर से तेज आवाज व मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई करते हुए वाहन क्रमांक एमपी 22 एमपी 3202 को गांधी भवन क्षेत्र से, वाहन क्रमांक **MP** 05 **MP** 4896 वाहन चालक आमिर खान पिता उबेद खान निवासी कान्हीवाडा खैरी को गांधी भवन क्षेत्र व **MP28MA**1020 वाहन चालक सुनील सल्लाम पिता दीप सल्लाम उम्र 18 साल निवासी भगतसिंह वार्ड सिवनी को छिन्दवाडा रोड योगीराज टॉकीज के पास रोका। जो कि तेज आवाज में साइलेंसर का उपयोग करते वाहन चलाते पाए गए। जिसके बाद वाहन को जब्त कर मोटर व्हीकल एक्ट की कई धाराओं तहत मामला दर्ज किया गया। साथ ही बाइक का साइलेंसर निकलवाया गया और चालक को हिदायत दी गई।

# विशाल कबड्डी प्रतियोगिता एवं मड़ई मेले का भव्य आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आदिवासी बहुमूल्य विकासखंड कुरई के ग्राम पंचायत कलबोडी में ब्रह्मलीन स्वर्गीय श्री बाबा रतन लाल जी की पुण्यतिथि एवं स्वामी विवेकानंद जयंती की उपलक्ष में विशाल कबड्डी प्रतियोगिता एवं मड़ई मेले का भव्य आयोजन 12 जनवरी 2024 समय-दोपहर 2 बजे से शाम 8 बजे तक एंट्री स्थान-ज्वाला देवी मंदिर कलबोडी प्रथम पुरस्कार 11 हजार रुपये,दूसरा पुरस्कार 7 हजार रुपये, तीसरा पुरुस्कार 5 हजार रुपये, प्रवेश शुल्क 351 रु, मुख्य अतिथि बरघाट बिधायक-कमल मर्सकोले, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष-मोहन सिंह चंदेल, जिला पंचायत सदस्य-तेज़ सिंह पटेल,युवा कांग्रेस अध्यक्ष-आनंद पंजबानी, जनपद सदस्य-केशव चंद्रवंशी,मंडी सदस्य-श्याम सिंह माली, युवा नेता- अकील अहमद,NSUI अध्यक्ष-धनजयसिह संध्या,उप सरपंच-शिशु पाल वर्मा संपर्क-रवि माली- 9669532269, बलराज- 9319142177, कुलदीप साहू- 6265885933, रामराज पटेल- 9399015019, नरेश टेकाम- 6260229554, आयोजक समिति ने सभी दुकानदारों एवं कबड्डी प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

# नपा द्वारा चलाया अतिक्रमण अभियान टांय टांय फिस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शहर में अस्त-व्यस्त यातायात को सुचारू करने के लिए एवं कुकरमुतो की तरह उग आए सड़कों पर हुए अतिक्रमण को हटाने नगर पालिका ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया था। नपा के द्वारा मुख्य मार्गों पर हुए अतिक्रमण को हटाने अभियान चलाया। जिसमें कुछ लोगों ने अपने हाथों से अतिक्रमण हटा लिया और कुछ लोगों काअतिक्रमण टीम के द्वारा हटवाया गया था। नगर पालिका ने इस अभियान को निरंतर चलाने की बात की थी। और शहर में जहां भी इस तरह अतिक्रमण किया गया है जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है उसे तत्काल हटाया जाएगा। किंतु नगर पालिका के द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान टांय टांय फिस हो गया। क्योंकि सिंधिया चौक से पुराने आरटीओ तक व्यवसायियो ने अतिक्रमण कर लिया है। तथा बारापथर स्टेट बैंक के सामने व्यवसायियो ने नाली पर पक्का अतिक्रमण कर लिया यहां सड़क का डामरीकरण हो गया किंतु सड़क के किनारे अतिक्रमण होने के कारण यहां से पैदल चलना तो दूर वाहन को निकालने में भी बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जिसको लेकर पिछले लंबे समय से अतिक्रमण हटाने की मांग की जा रही है। नाली के ऊपर हुए अतिक्रमण हटने से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।

सामान की हो जब्ती

पूरे शहर में सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण की कार्रवाई में नगरपालिका को सामान जब्ती की कार्रवाई करना चाहिए। इसके अलावा सड़क किनारे खड़े हाथठेला को भी नगरपालिका द्वारा हटवाना चाहिए। इसी प्रकार शुक्रवारी चौक से नगर पालिका तथा बस स्टेंड से छिंदवाड़ा चौक तक अतिक्रमण अभियान की जरूरत है। जहां कई दुकानें सड़क पर आ गई हैं। शहर का सबसे व्यस्ततम मार्केट है जहां दुकानें होने के कारण जिले भर से ग्राहक यहां पहुंचते हैं। कुछ दुकानदारों ने दुकान का सामान सड़क पर रखना ही शुरू कर दिया है और उनके यहां आने वाले ग्राहक अपने वाहन सड़क के बीच में खड़े कर देते हैं जिसके कारण भी पैदल चलना मुश्किल है।

# परिवहन का कार्य धीमा होने के कारण उपार्जित हजारों क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे रखा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के 99 धान उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन जारी है। परिवहन का कार्य धीमा होने के कारण उपार्जित हजारों क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में वर्षा होने की संभावना जताई है। ऐसे में खुले में रखा धान भीग सकता है, जिससे किसानों की परेशानी बढ़ सकती है। जिले में अब तक 17 हजार से अधिक किसानों से 1.16 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। धान बेचने वाले किसानों को 160 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। उपार्जित धान में से करीब 90 हजार मीट्रिक टन धान का परिवहन हुआ है। वहीं 25 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान खुले में रखा हुआ है, ऐसे में वर्षा होने पर धान को नुकसान पहुंच सकता है। जिन किसानों का धान केंद्र में बिकने से रह गया है, ऐसे किसानों को वर्षा होने पर खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। जिला प्रशासन और नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों ने केंद्रों के प्रबंधकों को त्रिपाल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए है, लेकिन ज्यादातर केंद्रों में वर्षा से धान को बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं नजर नहीं आ रही हैं। वहीं जिले के कई केंद्रों पर बारदानों का आकार छोटा है, तो कहीं बारदाने फटे निकल रहे हैं। छोटे बारदानों में पूरी धान नहीं भर पा रहा है और इससे सिलाई भी नहीं हो पाती है। नए बारदानों में 40 किलो धान भी नहीं आ पा रहा है। बमुश्किल 38 से 39 किलो धान की भराई ही हो पा रही है।

जिसके कारण बोरियां खाली करनी पड़ रही है और इससे धान खरीदी प्रभारी को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिले में धान की आवक भी बड़े स्तर पर होने के साथ खरीदी भी हो रही है। वहीं इसके परिवहन की रफ्तार में गति नहीं आने से उपार्जन केंद्रों में धान का अंबार लग चुका है। इसके कारण खरीदी केंद्र में अव्यवस्थाएं होने से किसानों को जूझना पड़ रहा है। अधिकतर केंद्रों में जगह के अभाव के कारण भी किसानों को जगह खाली न होने से धान गिराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में विख्यात हिंडोलिया, डीएमओ, नागरिक आपूर्ति निगम का कहना है कि बेमौसम वर्षा से धान को सुरक्षित रखने के निर्देश सभी केंद्रों में दिए गए है। साथ ही धान को स्ट्रोक कर रखने के लिए भी कहा गया है। कई जगह छोटे बारदाने पहुंचने की जानकारी मिली थी। इन बारियों में धान को साफ कर भरने पर पूरा धान आ रहा है। केंद्रों में किसानों से अधिकतम 40 किलो 600 ग्राम धान प्रति बोरी लिया जाना है। इससे ज्यादा धान लेने पर किसान शिकायत कर सकते है। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# चुनाव से पहले किया था वादा, अब क्यों नहीं मिल रहा 450 में गैस सिलेंडर...?

**विधानसभा चुनाव से ठीक पहले लाड़ली बहनों के खाते में गैस सिलेंडर की सब्सिडी मिली थी। तब से अब तक सब्सिडी की राशि का इंतजार हो रहा है, लेकिन सब्सिडी नहीं आई। इससे लाड़लियों में नाराजगी बढ़ रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।


फाईल फोटो

लाड़ली बहनों को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था। इस योजना की शुरुआत राज्य स्तर पर 15 सितंबर को हुई थी। चुनाव के दौरान भाजपा ने इसे अपने संकल्प पत्र में भी शामिल किया था। सब्सिडी की राशि आचार संहिता लगने से पहले 6 अक्टूबर को तो डली, लेकिन इसके बाद सब्सिडी की राशि लाड़लियों के खाते में नहीं आई है। इसका मतलब ये है कि लाड़ली बहनों को जो गैस सिलेंडर 450 रुपए में मिलना था वह नहीं मिल रहा है।

## ये थी लाभ लेने की शर्त

योजना की शुरुआत में प्रदेश सरकार ने शर्त रखी थी कि जिन भी महिला का लाड़ली बहना योजना में नाम है, उनके नाम पर गैस कनेक्शन है तो उस महिला को हर माह 450 रुपए माह में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। यदि गैस कनेक्शन उसके पति के नाम पर है तो उसे महिला के नाम पर कराना होगा। तब इस योजना का लाभ मिलेगा, जिसके बाद गैस एजेंसियों पर लाड़ली बहनों की लंबी - लंबी लाइन लग गई थी। लाड़ली बहनों को गैस सब्सिडी का लाभ दिलाने के लिए नगरपालिका ने भी वार्डों में शिविर लगाकर फार्म भरवाए थे।

## आधी से अधिक महिलाएं

जिले में हजारो से अधिक लाड़ली बहना है। इनमें अधिकांश महिलाओं के नाम से ही कनेक्शन है। लाड़ली बहनाओं ने 450 रूपए में गैस सिलेंडर मिले इसलिए योजना का लाभ लेने फार्म भरा था। जिसका आंकड़ा अफसरो के पास भी सही से मौजूद नहीं है। जब इस योजना को लेकर लाड़लियों से बात की तो उनका कहना था कि जब योजना की शुरूआत हुई, बस तब एक बार ही सब्सिडी की राशि खाते में आई है। उसके बाद से पुनः रिफलिंग कराने में सब्सिडी नहीं मिली है। सिलेंडर के लिए पूरे 930 रुपए देना पड़ रहे हैं। पूर्व में जो सब्सिडी 6 रुपए प्रति सिलेंडर मिलती थी वह मिली है।

## उज्वला को भी महंगा मिल रहा सिलेंडर

लाड़ली बहनाओं के साथ ही उज्वला योजना की हितग्राही महिलाओं को भी सस्ते सिलेंडर का लाभ दिया जाना था। इन महिलाओं को केंद्र सरकार से मिलने वाली 300 रुपए की सब्सिडी तो मिल रह हैं, लेकिन राज्य सरकार से मिलने वाली सब्सिडी की राशि नहीं मिलने से उन्हें भी महंगे में सिलेंडर खरीदना पड़ रहा है। उज्वला महिला हितग्राहियों को 630 रुपए में सिलेंडर मिल रहा है। गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि प्रशासन स्तर पर पता करे की गैस सब्सिडी की राशि खाते में क्यों नहीं आ रही है।

# अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 44 गणेशगंज के आगे सहजपुरी के घाट के समीप एक सड़क हादसा हो गया। यहां एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ड्राइवर और सहायक घायल हो गए।

ट्रक से पौधे लेकर आंध्र प्रदेश से जबलपुर की जा रहा था। ट्रक गणेशगंज से आगे सहजपुरी के पास पहुंचा। जहां सामने से आ रहे फोर व्हीलर वाहन को बचाने के चक्कर मे ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से एक नाले की तरफ पलट गया। इस दुर्घटना में ड्राइवर जितेंद्र वंशकार और सहायक दिलीप बंशकार को चोट आई है। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस एवं 108 वाहन में दी। जहां घायलों का उपचार किया गया। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा पूरी घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

## नोटिस का जवाब नही देने पर कंपनी जिले में भंडारण, परिवहन और विक्रय पर प्रतिबंध

# वस्त्र भंडार की दुकान पर मिला धान का अवैध भंडारण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

हैदराबाद की सिरी सीड्स (इंडिया) प्रायवेट लिमिटेड द्वारा उत्पादित सभी प्रकार की धान व अन्य फसलों के बीजों पर जिले में भंडारण, परिवहन और विक्रय के लिये प्रतिबंधित किया गया है। उपसंचालक एवं अधिसूचित प्राधिकारी राजेश कुमार खोबरागड़े ने बीज नियंत्रण आदेश-1983 की धारा-11 की शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कार्रवाई की है। उन्होंने बीज अधिनियम-1966 के खंड-17 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से भंडारण, परिवहन के साथ ही विक्रय के लिए भी प्रतिबंधित किया है। अधिसूचित प्राधिकारी श्री खोबरागड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 दिसम्बर को उनके और बीज निरीक्षक द्वारा बम्हनी के योगराज पारधी के मकान के एक कमरे ( मुस्कान वस्त्र भंडार) का औचक निरीक्षण किया गया था। यहाँ सिरी सीड्स (इंडिया) प्राय. लिमिटेड हैदराबाद कंपनी का सत्यरूप धान बीज की किस्म सिरी-1-2-केए-4 का अवैध रूप से भंडारण करना पाया गया। मौके पर पूछताछ में उनकी धर्मपत्नी द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही कर पायी। इस सम्बंध में धर्मपत्नी शशिकला पारधी द्वारा बताया गया के उनके पति हैदराबाद की इसी कंपनी में नोकरी करते है। उनके द्वारा ही बीज भूमि एग्रो केम कोसमी बालाघाट से लाया गया है।

योगराज पारधी के पास वैधानिक बीज अनुज्ञप्ति नही पायी गई। योगराज सिरी सीड्स (इंडिया) प्राय. लिमिटेड में नोकरी करते है। श्री पारधी द्वारा हैदराबाद की कंपनी को आर्थिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य



से शासन के निर्देशों की अवहेलना करते हुए व्यवसाय किया गया। इनके द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा-3 एवं धारा-7 तथा बीज अधिनियम 1966, बीज(नियंत्रण) आदेश 1983 की धारा-3, 8 (ए) एवं (बी), 18(1) का स्पष्ठ उल्लंघन किया गया। इसके बाद 20 दिसम्बर को कंपनी को 3 दिनों में स्पष्टिकरण प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया गया। परन्तु 29 दिसम्बर तक कोई भी अभिलेख और न ही किसी प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित होकर जवाब दिया गया। इसके बाद प्रतिबंध की कार्रवाई की गई।

## खबर संक्षेप

### 24 घंटे के भीतर मूल स्थापना में वापसी के आदेश हुए जारी, सीएम ने सम्भागीय समीक्षा बैठक में दिए थे निर्देश

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गुरुवार को जबलपुर में कानून व्यवस्था और विकास कार्यो की समीक्षा बैठक ली गई थी। इस बैठक में जनप्रतिनिधि द्वारा संज्ञान में विषय लाया गया था कि इंदौर-भोपाल में कमिश्नर प्रणाली लागू होने के पश्चात से आरक्षकों को बुलाया गया था। लेकिन गुरुवार तक जिलों में मूल पदस्थापना स्थल पर वापस नही भेजा गया था। इस मामलें में मुख़्यमंत्री डॉ. यादव ने जिलों में वापसी के निर्देश दिए थे। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भोपाल द्वारा मूल इकाई में वापसी के आदेश शुक्रवार को जारी कर दिए गए है।

### गुरुवार को इन गांवों में पहुंची यात्रा

**बालाघाट।** यात्रा गुरुवार को बैहर जनपद के ग्राम खोलवा व जत्ता, परसवाड़ा के ग्राम चीनी व भीडी, लांजी के ग्राम सिरेगांव व कुम्हारीकला, कटंगी के ग्राम देवठाना व कामठी, बालाघाट के ग्राम जरेरा व कुम्हारी, वारासिवनी के ग्राम उमरवाडा व सिंगोडी, किरनापुर के ग्राम साल्हे व रमगढी, खैरलांजी के ग्राम चिचोली व तुइयापार, बिरसा के ग्राम सुंदरवाही व माटे और लालबर्रा जनपद के ग्राम पांढरवानी व औल्याकन्हार पहुंची। यात्रा आज बैहर जनपद के ग्राम परसाटोला व कटंगी (भु), परसवाड़ा के ग्राम फत्तेपुर (मा) व अमवाही, लांजी के ग्राम दिघोरी व कुम्हारीखुर्द, कटंगी के ग्राम खैरलांजी व पाथरवाड़ा, बालाघाट के ग्राम जागपुर व पाथरवाड़ा, वारासिवनी के ग्राम रामपायली व मोहगांवखुर्द, किरनापुर के ग्राम बेनेगांव व सिवनीखुर्द, खैरलांजी के ग्राम शंकरपिपरियॉ व मोवाद, बिरसा के ग्राम दमोह व देवगांव द और लालबर्रा जनपद के ग्राम साल्हे ला. व टेकाड़ी ला.में भ्रमण करेगी।

### एडल्ट बीसीजी वैक्सिनेशन का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

**बालाघाट।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले में एडल्ट बीसीजी वैक्सिनेसन का प्रशिक्षण होटल वैद्य रेसीडेंसी मे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पाण्डेय की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में डॉ प्रियवृत सोनकर जिला क्षय अधिकारी ने बताया कि प्रधानमत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को 2025 तक टीबी से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इसी के अन्तर्गत जिले में टीबी मुक्त पंचायत अभियान चलाया जा रहा है और लक्ष्य के अनुरूप जिले में बीसीजी के टीके लगाया जाना है।बीसीजी का टीका पिछले 5 वर्षो के टीबी मरीजो को, पिछले 3 वर्षो के टीबी मरीजो के कॉन्टेक्ट मे आये सभी व्यक्तियों को, 60 वर्ष से अधिक सभी व्यक्तियों को, डायबिटिक पेसेंट सेल्फ रिपोर्टेट परसन एवं 18 से कम बीएमआई व्यक्तियों को लगाया जाना है।

## माटे पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा : विधायक लांजी ने दी शासकीय योजनाओं की जानकारी ,हितग्राहियों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



जनपद पंचायत किरनापुर में 12ग्राम पंचायत में केन्द्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा दहेदी , साल्हे, रमगढी,केशा, सुसवा, माटे , बक्कर, नेवारा, दत्ता, अकोला पहुंची। इस दौरान विधायक राजकुमार कर्राहे ने शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में विधायक राजकुमार कर्राहे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक सुविकसित और आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रदेश का सर्वांगीण विकास मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्राथमिकता है। कायाकल्प योजना के तहत बाजार चौक माटे में विधायक ने सी सी रोड का भूमि पूजन किया। मुख्यमंत्रीनगर के प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए 19 करोड़ रुपए की लागत से नल जल योजना का कार्य प्रगति पर है।विधायक ने कहा कि बाजार चौक में हाईमास्क लगाने कहा ।

इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह और वरिष्ठ भाजपा नेता भुवन भाऊ रंहांगडाले और रामकुमार राणा, नन्हे बहेकार,शिव तारन, सरपंच श्रीमती सुनीता पांचे, प्रतिनिधि देवराम पांचे, सचिव झनकार सिंह रहांगडाले ने ने भी जनता को संबोधित किया। समारोह में नागरिकों को भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अतिथियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के कैलेंडर और डायरी का विमोचन किया और हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### कायदी में आल इंडिया व्हालीवाल प्रतियोगिता प्रारंभ

**बालाघाट।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वारासिवनी तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम आदर्श ग्राम पंचायत कायदी में संजय व्हालीवाल क्लब कायदी के तत्वावधान में आल इंडिया व्हालीवाल टुर्नामेंट महिला एवं पुरूष दोनो वर्ग में आयोजित किया गया है। इस संबंध में संजय व्हालीवाल क्लब के अध्यक्ष जितेन्द्र नगरगढ़े ने बताया कि ग्राम पंचायत कायदी में लगातार 8 वर्षो से आल इंडिया व्हालीवाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी 4 तारिख से 7 जनवरी 2024 तक आयोजित किया गया है। जिसमें महिला व पुरूष वर्ग दोनो के लिये टुर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। कायदी के मैदान में 4 जनवरी से 7 जनवरी तक मैच सुबह 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक खेला जावेगा।

## महिला के साथ हुई 20 हजार रुपए की साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 03 में रहने वाली महिला के साथ साइबर ठगों ने 20 हजार रुपए की रकम की ठगी की है. यह पूरी घटना गुरूवार को हुई जिसके बाद पीड़ति महिला ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज करवाई है. महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामले को साइबर सेल को भेज दिया है. प्राप्त जानकारी अनुसार पूजा वासनिक नाम की महिला के साथ फोन पर उनका जीजा बनकर बातचीत करने वाले ठग ने खाते से 20 हजार रुपए की रकम उठा दी. पीड़ति ने बताया कि साइबर ठग ने सबसे पहले उनके खाते में एक रुपए की राशि जमा की और जब उन्होंने राशि आने के मैसेज की पुष्टि की तो ठग



ने लिंक भेजकर उस पर क्लिक करने के लिए कहा और जैसे ही क्लिक की पीड़ति के खाते की 20 हजार रुपए की राशि अलग-अलग खातों में चले गई. गौरतलब हो कि रिश्तेदार बनकर बातचीत करते हुए ठगी का यह कोई पहला मामला नहीं बल्कि इससे पहले भी साइबर ठगों के द्वारा इसी तरह से लोगों के ठगा गया है इस तरह की ठगी से केवल जागरूकता से ही बचा जा सकता है।

### पौनियां में निशुल्क आरोग्य शिविर आज

**कटंगी।** तिरोड़ी तहसील के ग्राम पौनियां में संचालित पौनियां मैंगनीज माइंस ऑफ मेसर्स सुखदेव प्रसाद गोयनका की ओर से आज मायॅल परिसर में तिरोड़ी और कटंगी तहसील के तमाम ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ प्रदान कराने के लिए निशुल्क आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया है. गोंदिया के मशहूर अस्पताल के सहयोग से शिविर का आयोजन हो रहा है. शिविर में हृदय रोग परामर्श, बी.पी., शुगर, स्त्री रोग, नेत्र जांच और ईसीजी जैसी सुविधाएं निशुल्क प्रदान की जाएगी. शिविर में डॉ राजकुमार चक्रवर्ती, डॉ सुबाष काशी सहित अन्य चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेंगे. नागेन्द्र पाठक और शैलेन्द्र पटले ने तमाम ग्रामीणों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

### सीएमएचओ ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण,अनियमितताएं पाए जाने पर की कार्यवाही

**बालाघाट।** गत शुक्रवार को सीएमएचओ डॉ. मनोज पाण्डेय ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पायी गई अनियमितताओं और अनुपस्थिति पर उन्होंने नोटिस जारी किए है। सीएमएचओ कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि डॉ. वरूण परते खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परसवाड़ा एवं श्री विक्रम सिंह ठाकुर जिला कार्यकम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा हेल्थ एण्ड बेलनेस सेंटर मोहनपुर विकासखण्ड परसवाड़ा का आकस्मिक निरीक्षण करने पर हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर मोहनपुर में पदस्थ कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर बिजली नाग अपने कर्तव्य से अनुपस्थित पाई गई।

## भीम आर्मी ने मनाई माता सावित्री बाई फुले की जयंती



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

3 जनवरी को माता सावित्री बाई फुले की जन्मजयंती हर्षोंउल्लास पूर्वक मनाई गई। जन्मजयंती पर आतिश बाजी कर आमजनों को माता सावित्री बाई फुले जी की जीवनी पर आधारित पुस्तके भी वितरण की गई। उक्त कार्यक्रम में भीम आर्मी नगर अध्यक्ष एडवोकेट संतोष गेडाम,भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन पीजी कॉलेज अध्यक्ष प्रियंका नागवंशी, उपाध्यक्ष साहिल मेश्राम, सचिव खुशी गेडाम, संस्कृति प्रकोष्ठ प्रमुख सिद्धार्थी बोरकर, प्रवक्ता अंजली फुलमारी , नेहा, कामना, साक्षी,जय शूर्यवंश, बंटी , अभिनव, रितिक , शिवम, रोहन सभी बढ़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार का ऐतिहासिक निर्णय : भाजयुमो ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



वीरांगना रानी दुर्गावती एवं वीरांगना रानी अवंती बाई जी की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा जिनके शौर्य और पराक्रम की गाथा आने वाली युवा पीढ़ी उनके जीवन को जान पाएगी, उसके लिए आज माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुऐ भाजपा जिला अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल जी, भाजपा नगर अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर जी, पूर्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष गजेंद्र भारद्वाज,नगर महामंत्री मनोज हरिनखेड़े, नगर अध्यक्ष जैनेंद्र कटरे, अखिलेश चौरे, जितेन्द्र मोहरे, यशवंत लिल्हारे, अक्षय कटरे, गणेश अग्रवाल, हिरा सिंह भाटिया, संजू वराडे, दीपक लिल्हारे, सोनू कसार, सिद्धार्थ वाजपेई,रंजीत गोयल, विशाल मेश्राम, संतोष सिंगारे, वरुण दुबे, जय गिरी,सहित हम सभी भारतीय जनता पार्टी, व युवा मोर्चा के समस्त कार्यकर्ता मिलकर रानी दुर्गावती चौक, और अवंती बाई चौक पहुंच कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया गया ।

## बालाघाट ने बड़वानी को 3-0 से किया पराजित

**बालाघाट।** जिले में 10 दिसंबर से खेली जा रही मध्यप्रदेश फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में 04 जनवरी पुलिस ब्वायज बालाघाट बनाम बड़वानी एफसी बड़वानी के बीच मैच खेला गया। प्रतियोगिता में मैच का शुभारंभ अतिथि नपा राजस्व प्रभारी भुवनलाल लिल्हारे, अधि. संदीप नेमा, पेट्रोल पंप संचालक द्रोण डोंगरे, महावीर शर्मा, मुकेश खैरवार, सुभाष गुप्ता, गणेश अग्रवाल, आकाश वैश्य एवं राजनीश वर्मा, जिला फुटबॉल संघ सचिव सुनील यादव, दिलीप राजपूत सहित खिलाड़ी और खेलप्रेमियों की मौजूदगी में किया गया। दोपहर 02 बजे से मुलना मैदान में पुलिस ब्वायज बालाघाट बनाम एफसी बड़वानी खेले गए मैच में पुलिस ब्वायज बालाघाट ने शुरूआत से ही बढ़त कायम रखी और खेल समाप्ति तक बालघाट ने तीन गोल कर दिए, जिसके जवाब में एफसी बड़वानी कोई गोल नहीं कर सकी। इस तरह पुलिस ब्वायज बालाघाट ने एफसी बड़वानी को 3-0 से पराजित कर एकतरफा जीत दर्ज करके पाईंट टेबल में तीन अंक हासिल किए। इस मैच में मैन ऑफ द मैच सिद्धार्थ रिंकु मेश्राम को दिया गया। 05 जनवरी डायमंड रॉक फुटबॉल एकेडमी बालाघाट बनाम बुराहनपुर एफसी बुराहनपुर के बीच खेला जाएगा। जिला फुटबॉल संघ सचिव सुनील यादव ने बताया कि लीग मैच में सभी शामिल टीमों को एकदूसरे से 10-10 मैच खेलने है। जिसमें पाईंट टेबल के आधार पर सुपर-04 का फैसला किया जाएगा। गौरतलब हो कि जिले में मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ और जिला फुटबॉल संघ के सहयोग से मध्यप्रदेश फुटबॉल प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है।

## ग्राम समृद्धि उद्धवहन योजना व जिला स्तरीय समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** मंगलवार को म.प्र.रा.ग्रा.आजीविका मिशन अंतर्गत कलेक्टर सभागृह में कलेक्टर डॉ. गिरिश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय ग्राम समृद्धि उद्धवहन योजना जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री डीएस रणदा की उपस्थिति एवं समस्त लाईन डिपार्टमेंट के अधिकारी की उपस्थिति रही एवं जिला स्तरीय बैठक में ग्राम समृद्धि उव्दवहन योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला पंचायत से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार स्व-सहायता समूहो द्वारा तैयार की गई सामुदायिक मांग आधारित योजना है। इसमें समूहो के परिवारो और समूहों के बाहर अन्य



कमजोर वर्ग की मांगों को शामिल किया जाता है। यह समूदाय की विभिन्न वर्गो की मांगों का प्रतिनिधित्व करेगा। यह निष्पाक्ष पारदर्शी एवं सहभागी योजना है। इस योजना के अंतर्गत अन्य विभागीय योजनाओं का अभिसरण है। आजीविका मिशन अंतर्गत इस योजना को सफल बनाने में प्र.जिला परियोजना प्रबंधक श्री मुकेश बिसेन, जिला प्रबंधक एम एण्ड ई श्री विरेन्द्र तिडकें, जिला प्रबंधक कृषि श्रीमति रश्मि मेश्राम, युवा सलाहकार आईबीसीबी. सुश्री मोनिका गुप्ता और युवा सलाहकार एसआईएसडी सुश्री सोनी प्रिया के सहयोग से संचालन किया जायेगा।

### आयुष विभाग द्वारा आशा कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बालाघाट।** संचालनालय आयुष विभाग मप्र शासन के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत आयुष विभाग बालाघाट द्वारा जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर मिलिंद चौधरी के मार्गदर्शन में आशा कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के परिक्षेत्र की स्थानीय आशा कार्यकर्ताओं को आयुष के प्रति संवेदनशील बनाने, आयुष विभाग की योजनाओं का प्रचार प्रसार व उसके उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आशा कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया जाना है।

## अप्रिय स्थिति से बचने बकायादार नागरिक टैक्स समय पर जमा कर देवे : दिशा डहेरिया

# किराये पर दुकान संचालन करने वालों पर होगी कार्यवाही

### पत्रकार वार्ता में सीएमओ ने दिए कई सवालों के जवाब

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगरपालिका परिषद वारासिवनी की डॉवाडोल आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए नगरपालिका सीएमओ दिशा डहेरिया द्वारा नागरिकों पर बकाया राशि को वसूल करने के लिए सख्ती से वसूली अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसके चलते अधिक राशि बकायादारों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं और व्यवसायिक दुकानों में ताला बंदी भी की जा रही हैं। जिसके कारण अब नागरिकों ने करों की राशि अदा करना प्रारंभ कर दिया हैं।

नागरिकों से करों की बकाया राशि वसूल करने के लिए की जा रही कार्यवाही से अवगत कराने के लिए गुरुवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिशा डहेरिया द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन नगरपालिका कार्यालय में किया गया। जिसमें पत्रकारों से चर्चा करते हुए सीएमओ सुश्री डहेरिया ने बताया कि वर्तमान में नगरपालिका ने 144 करदाताओं की सूची बनाई है, जिन्हें नोटिस जारी कर समय दिया गया। इन बकायादारों से लगभग 27 लाख रुपये की राशि वसूल करनी हैं। इन सभी करदाताओं को अंतिम अवसर दिया गया हैं।

यदि उनके द्वारा करों का भुगतान नहीं किया जाता हैं, तो फिर पहले नल विच्छेदन की प्रक्रिया की जायेगी, उसके बाद कुर्की और फिर नगरपालिका द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं को बंद कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों चलाए गए वसूली अभियान के दौरान लगभग 13-14 लाख रुपये की वसूली की गई हैं।



पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए सीएमओ दिशा डहेरिया ने कहा कि दुकान की निर्धारित सीमा से बाहर निकाले गए टीन शेडों को हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया हैं। जिन्हें पहले 15 दिन, फिर 7 दिन व अंतिम में 3 दिन का समय दिया जायेगा। उसके बाद भी यदि स्वेच्छा से टीन शेड नहीं हटाए गए, तो नगरपालिका द्वारा उसे हटा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि नगर की मुख्य सडक़ पीडब्ल्यूडी की सडक़ थी, जिसे निकाय को हस्तांतरण किया गया हैं। इसीलिए पीडब्ल्यूडी विभाग के मापदंडों के अनुसार ही कार्यवाही की जावेगी।

नगर में पुरानी दुकानों को तोड़ कर बन रही नई दुकानों के दुकानदारों द्वारा पुराने टैक्स की राशि ही अदा की जा रही हैं, उनके लिए क्या किया जा रहा है? जिस पर सीएमओ ने कहा कि ऐसे मामलों की जॉच कर नये कर का निर्धारण किया जायेगा। आवासीय मकानों में व्यवसायिक गतिविधियॉ चलाने के बारे में पूछे गए सवालों पर उन्होंने कहा कि जिन नागरिकों द्वारा आवासीय परिसर में व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा हैं, उनसे आवासीय के साथ-साथ जितने क्षेत्र में व्यवसायिक गतिविधियॉ संचालित की जा रही हैं, उसका व्यवसायिक कर निर्धारण कर लिया जा रहा हैं। इस मामले में 35-40 नागरिकों पर कार्यवाही की गई हैं। जिन नागरिकों द्वारा नगरपालिका की दुकानों को लेकर गोदाम के रुप में उपयोग किया जा रहा हैं, उन पर कार्यवाही के संबंध में उन्होंने कहा कि उनसे भी वसूली की जा रही हैं, जिसमें से 25-30 प्रतिशत लोगों ने टैक्स अदा कर दिया गया हैं।

## 9 पंच, 11 सरपंच और 5 जनपद सदस्य के लिये उम्मीदवार निर्वाचन क्षेत्र में

# 1 जनपद सदस्य, 3 सरपंच और 40 पंच पद के लिये मतदान आज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उपनिर्वाचन के अंतर्गत जिले में पंच सरपंच और जनपद सदस्य पद के लिये उपनिर्वाचन आज शुक्रवार को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। इसके तुरंत बाद मतगणना प्रारंभ होगी। स्थानीय निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जनपद पंचायत सदस्य, 3 सरपंच और 03 पंच पद के लिये निर्वाचन होना है। जानकारी अनुसार 40 वार्डो में पंच पद के निर्वाचन प्रस्तावित थे। पंच पदों के लिये कुल 17 वार्ड से निर्विरोध पंच चुने गये और 20 वार्डो में कोई नामांकन प्राप्त नही हुआ। अब पंच पद के लिये ग्राम पंचायत हट्टा के वार्ड क्र.7 में 04, किरनापुर जनपद के खारा पंचायत के वार्ड 18 में 03 व मुर्री पंचायत के वार्ड क्र.3 में 2 नामांकन पत्र भरे गये। इसी तरह जनपद पंचायत सदस्य के क्षेत्र क्रमांक 20 में कुल 5 नामांकन पत्र प्राप्त किये गए। वहीं बालाघाट व खैरलांजी में 4-4 और बैहर में 3 नाम निर्देशन पत्र जमा हुये है। इस तरह उप निर्वाचन के अंतर्गत आज बालाघाट के धापेवाड़ा में 3, बैहर के मोहरई में 2 और खैरलांजी के चिखला ग्राम पंचायत में 3 मतदान केंद्रो पर, जनपद पंचायत सदस्य के लिये कटंगी के वार्ड क्र.20 के 10 मतदान केंद्रो पर मतदान होगा।

### पंच के लिये 1072, सरपंच के लिये 4944 और जनपद सदस्य के लिये 5059 मतदाता करेंगे मतदान

उप निर्वाचन अंतर्गत जनपद सदस्य के 20 वार्डो के 5059 मतदाताओं द्वारा ईवीएम के माध्यम से मतदान किया जायेगा। वार्डो में कटंगी जनपद के जमुनियॉ के वार्ड क्र.1 से 10, बनेरा के 1 से 18, कटेरा के 1 से 20 मतदान केंद्रो पर मतदान होगा। इसी तरह बैहर जनपद के मोहरई ग्राम पंचायत के सरपंच पद के लिये 1106 मतदाता, खैरलांजी जनपद के चिखला पंचायत में 2228 मतदाता व बालाघाट जनपद के धापेवाड़ा ग्राम पंचायत में 1610 मतदाता तथा पंच पद के लिये हट्टा के वार्ड 7 खारा के 18 व मुर्री के वार्ड क्र.3 के लिये कुल 1072 मतदाता मतदान करेंगे।